इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम–मिनी रत्न)
INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LTD.
(A Govt. of India Enterprise-Mini Ratna)
CIN: L74899DL1999GOI101707
Website: www.irctc.com, Email: info@irctc.com

प्रेस विज्ञप्ति

आईआरसीटीसी द्वारा यात्रियों के लिए विशेष उपहार योजनाऐं।

- तेजस ट्रेन के लिए लकी ड्रा की प्रस्तुति।
- लकी ड्रा योजना 27 अगस्त से 6 सितंबर तक शुरू की जाएगी जो दोनों ट्रेनों के 8 परिचालन दिनों को कवर करेगी।
- भाग्यशाली विजेताओं का चयन सिस्टम के माध्यम से एग्जीक्यूटिव एसी चेयर कार और एसी चेयर कार से किया जाएगा।
- लकी ड्रॉ उपहार सीसी से 10 पीएनआर और ईसी से 03 पीएनआर के लिए कंप्यूटर सिस्टम के द्वारा सेलेक्ट किया जाएगा और प्रत्येक यात्रा के लिए अलग–अलग होगा।
- आगामी त्योहार के साथ, और भी कई योजनाऐं लाने की मंशा है।

नई दिल्ली 28.08.2021: कंपनी ने हाल ही में सभी स्वास्थ्य और कोविड सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, 7 अगस्त, 2021 से तेजस एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन फिर से शुरू किया।

कुछ दिनों पहले ही आईआरसीटीसी ने रक्षाबंधन के त्योहार के दौरान अपनी महिला यात्रियों को कैशबैक ऑफर दिया था।

उत्सव के इस मौके को जारी रखते हुए, इस बार आईआरसीटीसी ने तेजस एक्सप्रेस के यात्रियों के लिए एक और सरप्राइज पेश किया है। आईआरसीटीसी अपने यात्रियों को 27.8.2021 से 06.09.2021 के बीच की यात्रा के लिए लकी ड्रा के माध्यम से सरप्राइज गिफ्ट देगा। ट्रेन में अपनी यात्रा के दौरान दोनों श्रेणियों, एग्जीक्यूटिव एसी चेयर कार और एसी चेयर कार के यात्री इन आश्चर्यजनक उपहारों के प्राप्तकर्ता होंगे। इस लकी ड्रा में चुने गए हर पीएनआर पर एक सरप्राइज गिफ्ट दिया जाएगा।

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी लिमिटेड) अहमदाबाद–मुंबई–अहमदाबाद (ट्रेन नंबर 82901/02) तेजस एक्सप्रेस ट्रेन में इस फेस्टिव सीजन के लाभ के साथ साथ यात्रियों का स्वागत करते हुए यात्रियों के जन्मदिन विशेष पर्व, कैशबैक ऑफर आदि मनाते आ रहे है। और अब लकी ड्रा के जरिए सरप्राइज गिफ्ट की भी तैयारी की है।

पंजीकृत एवं कॉरपोरेट कार्यालय : 11 वां तल, बी. 148 स्टेट्स मैन हाऊस, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली -110001 फोन : 23311263, 44168 (रेलवे), फैक्स : 23311259
Regd. & Corp. Office : 11th Floor, B-148, Statesman House, Barakhamba Road, New Delhi – 110001. Tel : 23311263, 44168 (Rly.) Fax : 23311259

आईआरसीटीसी, वर्तमान में, चार दिनों की साप्ताहिक आवृत्ति यानी शुक्रवार, शनिवार, रविवार और सोमवार के साथ तेजस ट्रेन का संचालन कर रहा है।

आने वाले त्यौहारों में आईआरसीटीसी अपनी अपनी प्रीमियम यात्री तेजस ट्रेनों के यात्रियों के लिए और अधिक आकर्षक यात्रा प्रस्तावों की योजना बना रही है।